राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–258/2023

राज्यपाल ने गाँधी जयन्ती के अवसर पर गाँधी मैदान स्थित बापू की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया

पटना, 02 अक्टूबर, 2023 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की जयन्ती के अवसर पर आयोजित राजकीय समारोह में गाँधी मैदान, पटना स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया तथा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, अन्य मंत्रीगण एवं गणमान्य लोगों ने भी राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपनी श्रद्धा निवेदित की।

समारोह में सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती–पूजन किया गया तथा भजन व देशभक्ति गीत प्रस्तुत किये गये। बिहार गीत की प्रस्तुति भी हुई।

....